NT>

Title: Need to give immediate grant for revival of cooperative sugar mills in Uttar Pradesh.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र में दो चीनी मिलें सहकारी क्षेत्र में हैं जिन्हें विगत वर्षों में राट्रपति द्वारा हिन्दुस्तान की सबसे अच्छी चीनी मिलें होने का एवार्ड भी दिया जाता रहा है, परन्तु कुप्रबन्धन के कारण आज यह स्थिति आ गई है कि किसानों को गन्ना आपूर्ति का पैसा भी नहीं मिल रहा है।

महोदय, अभी कुछ दिन पहले हमारे एक सिख कास्तकार थे, जिन्हें गन्ने का पैसा नहीं मिला और जिनकी जमीन नदी से कटाव में चली गई। उन्होंने नदी में डूब कर आत्महत्या कर ली। गन्ना किसान आत्महत्या करने की स्थिति में पहुंच चुके हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र में इन दो चीनी मिलों से 5 लाख की जनसंख्या में अंधेरा छाया हुआ है। मैं अपने संसदीय क्षेत्र के अंधेरे को दूर करने और जनता में खुशहाली लाने के लिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के गन्ना किसानों को बचाने के लिए और इन दोनों मिलों को चलाने के लिए, जिनमें से एक का नाम सरजू सहकारी चीनी मिल बिलरायां है और दूसरी का नाम किसान सहकारी चीनी मिल, संपूर्णानन्द है, इनको भारत सरकार की ओर से विशेा अनुदान के रूप में 70-70 करोड़ रुपए दिलाने की कृपा करें जिससे ये दोनों चीनी की मिलें चल सकें और किसानों की जिन्दगी बच सके।